## खबर संक्षेप



### लोक अदालत में पति पत्नी की हुई सुलह

**न्यायाधीशों के सामने पहनाई एक दूसरे को माला, एक साथ घर हुए रवाना**

**मैहर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैहर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिससे यह नेशनल लोक अदालत उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है जो थोड़ी सी बात पर अपना घर तोड़ दे रहे हैं,बच्चों को छोड़कर अलग-अलग रह रहे हैं। इस दौरान ऐसे में शनिवार को दो परिवार के बीच सुनवाई के दौरान आपसी समझौता हुआ है।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को लाभ दिलाने के उद्देश्य से लगाई गई नेशनल लोक अदालत में विगत चार वर्षो से भारत पोषण के एक मामले में व्यवहार न्यायाधीश उदयजीत कुंवर राय की अदालत में विगत चार वर्षो से चल रहे विवाद के वाद में मैहर की लोक अदालत में महेश व रंजना में समझौता कराया। इसके पश्चात महेश व रंजन ने प्रथम जिला न्यायाधीश योगीराज पांडेय,तृतीय जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा,चतुर्थ जिला न्यायाधीश शरद कुमार लटोरिया,व्यवहार न्यायाधीश सुश्री भानु पंडवार,व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ उदयजीत कुंवर राय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ आयुषी गुप्ता उपाध्यक्ष प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ सुश्री निशा रघुवंशी के समक्ष एक दूसरे को माला पहनकर एक साथ घर के लिए हुए रवाना हो गए।

### कमिश्नर एवं आईजी ने मैहर में अधिकारियो की बैठक ली

**मैहर।** कमिश्नर रीवा बीएस जामोद एवं आईजी रीवा साकेत प्रकाश पाण्डेय के द्वारा शनिवार को मैहर कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान पुलिस एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के वाहन में रखे आपातकालीन सुरक्षा सामग्री हेलमेट,बाड़ीगार्ड, केन जीने अन्य सामग्री का निरीक्षण किया एवं समय पर उपयोग करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर रानी बाटड,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य,अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिह,नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक,एसडीएम डॉ.आरती सिह सहित मैहर जिले के समस्त थाना प्रभारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 148 विश्वविद्यालयों के 3000 प्रतिभागियों के बीच एकेएस दल ने हासिल किया प्रथम स्थान



**सतना।** एमिटी उत्सव 2025, 38 वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल के आयोजन में एकांकी नाटक एवं कल्चरल प्रोसेशन में एकेएस ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए कीर्तिमान रच दिया। एकेएस सतना की टीम ने सांस्कृतिक निदेशालय के मार्गदर्शन में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि एआईयू में 148 विश्वविद्यालयों के 3000 छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया। एकेएस विश्वविद्यालय सतना की टीम ने कई स्पर्धाओं में ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया। प्रशंसा के पात्र बने कलाकारों ने 38 वें एआईयू राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024-25 में एकांकी नाटक एवं कल्चरल प्रोसेशन में एकेएस ने जहां प्रथम स्थान हासिल किया। एकेएस की टीम ने लोक नृत्य एवं लोक आर्केस्ट्रा में द्वितीय स्थान,मेहंदी में तृतीय स्थान,समूह गान भारतीय में चौथा स्थान हासिल किया। सतना रेलवे स्टेशन से लेकर विश्व विद्यालय परिसर तक जश्न का माहौल रहा पूरी टीम को फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अमित कुमार सोनी ने टीम के साथ किया। गौरतलब है कि एमिटी विश्व विद्यालय में आयोजित नेशनल यूथ फेस्टिवल में विश्वविद्यालयों के कलाकारों का जमावड़ा लगा। फेस्टिवल का उद्घाटन प्रख्यात नृत्यांगना पद्मश्री नलिनी अस्थाना ने करते हुए कहा कि कला का साहित्य से,साहित्य का संस्कृति से और संस्कृति का समाज में अनूठा संगम है।फेस्टिवल में समूह गीत, सांस्कृतिक नृत्य,वन एक्ट प्ले,शाखीय प्रतियोगिताएं हुई।

### सतना में इनकम टैक्स की 5वें दिन भी देर शाम तक चलती रही जांच पड़ताल

# दलाल से मिलेंगे दस्तावेज तो नपेंगे बड़े-बड़े डॉक्टर, व्यापारी और अफसर

सतना

सतना में पांच बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर मंगलवार की तड़के प्रारंभ हुई इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की कार्यवाही शनिवार को 5वें दिन भी देर शाम तक चलती रही। हालांकि अभी तक की जांच पड़ताल में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को टैक्स चोरी के क्या-क्या मामले मिले हैं? इसकी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन ऐसी चर्चा है कि अगर दलाल के कब्जे से महत्वपूर्ण दस्तावेज मिलते हैं तो शहर के कई बड़े डॉक्टर,बड़े व्यापारी और ऐसे बड़े अफसर नपेंगे जिनका पैसा दूसरों के माध्यम से बाजार में लगा हुआ है। शहर में उन लोगों के बीच जबरदस्त तरीके से सनाका खिंचा हुआ है जिन लोगों ने कर चोरी करते हुए न केवल अनाप-शनाप पैसा कमाया है बल्कि बड़े-बड़े कारोबार में उनका पैसा लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की सुबह इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम 50 चार पहिया वाहनों से सतना पहुंची और गौशाला चौक स्थित सीतारमण अग्रवाल उर्फ रामू दलाल, मास्टर प्लान में रहने वाले अतुल मल्होत्रा,रीवा रोड में सीताराम पेट्रोल टंकी के पीछे रहने वाले सुनील सेनानी,भरहुतनगर में रहने वाले संतोष गुप्ता और रामकुमार सुरेश कुमार नमक फॉर्म के संचालक नरेश गोयल के बिडला रोड और सिमरिया चौक स्थित आवास और दफ्तर में छापा मारा। इन जगहों पर मंगलवार से लेकर शनिवार तक भी इनकम टैक्स के अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच की जाती रही।खबर तो यह भी है कि पांचों बड़े कारोबारी के बैंकों के लाकर भी जांच गए हैं। घर का कोना-कोना छाना गया है। इतना ही नहीं पन्ना रोड स्थित एक बड़ी टाउनशिप के कुछ बंद कमरे भी खुलवाए गए हैं। चर्चा तो यह भी है कि किसी एक बड़े कारोबारी के यहां पर नोट गिनने की मशीन भी मंगवाई गई है। छापा मार करवाई के बीच तरह-तरह की चर्चा बाजार में चल रही है। जब से सतना में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाई प्रारंभ हुई है तब से लेकर अभी तक कई लोग शहर के बाहर हैं। ऐसे लोगों में बड़े-बड़े डॉक्टर,जमीन के बड़े-बड़े कारोबारी और कई ऐसे सरकारी अधिकारी भी हैं जिन्होंने समय से पहले रिटायरमेंट ले लिया है।





#### इनके बीच दहशत का माहौल

सूत्रों के हवाले से पता चला है कि हाल ही में पुरानी आबकारी स्थित एक सर्राफा कारोबारी के यहां जीएसटी की कार्यवाही हुई थी जहां पर बड़े पैमाने पर कर चोरी पकडे जाने की खबर है। लेकिन उक्त कार्रवाई के बाद जब से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाई शहर के पांच ठिकानों में चल रही है।इसे लेकर सर्राफा व्यापारियों के बीच भी दहशत का माहौल है। ऐसा क्यों है इस बात की पुष्टि फिलहाल नहीं हो पा रही है। पता यह भी चला है कि बड़े-बड़े कपड़ा व्यापारी, दवा व्यापारी और बड़े-बड़े ठेकेदारों के बीच में भी दहशत का माहौल है।

#### जमीन की बड़ी रजिस्ट्रियों में असर

सूत्र बताते हैं कि छापामार कार्रवाई के बाद जमीन की रजिस्ट्री में भी व्यापक असर पड़ा है। इसमें वह लोग हैं जो लोग बड़ी-बड़ी जमीनों की रजिस्ट्री कराते हैं। उधर जिला पंजीयन कार्यालय के सूत्रों का कहना है कि छापामार कार्रवाई का रजिस्ट्री में कोई असर नहीं है रजिस्ट्री रोज की तरह हो रही है।

#### छापा खत्म हुआ या नहीं, ले रहे हैं लोकेशन

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाई के दौरान जिन बड़े-बड़े कारोबारियों के बीच में हड़कंप मचा हुआ है और जो लोग दहशत में हैं उनके द्वारा सुबह,दोपहर और शाम को अपने-अपने सूत्रों से छापा मार करवाई खत्म हुई या नहीं इसकी लोकेशन ली जा रही है। कई बार तो सोशल मीडिया में यह खबर चल चुकी है की कार्रवाई आज या कल तक खत्म हो जाएगी।

## धवारी स्टेडियम के पास युवक को गोली मारी, हालत गंभीर, रीवा रेफर





**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के धवारी स्टेडियम के पास शनिवार दोपहर बाद मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गए। घायल को उसके साथियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया और हालत गंभीर होने के कारण रीवा रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे घायल का बयान लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक खूंथी निवासी शाहनवाज खान अपने दोस्तों के साथ धवारी स्टेडियम गेट के पास शॉप नंबर 1 के सामने खड़ा था। तभी नौखड़ निवासी हितेश शुक्ला अपने साथियों के साथ दो बुलट मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा और शाहनवाज पर पिस्टल से गोली चला दी।गोली शाहनवाज के पेट और पीठ के बीच लगी है। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया। उसे उसके दोस्तों ने अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और ऑपरेशन कर उसके शरीर से गोली निकाली। घायल ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे पिछले कई दिनों से फोन करके परेशान कर रहा था ऐसा क्यों कर रहा था इसकी जानकारी घायल को नहीं है। अस्पताल पहुंचे सिटी कोतवाली के टी आई राघवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं को साइकिल वितरित

**मैहर।** देशभर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसको लेकर शासन के निर्देशन पर शासकीय हाई स्कूल डेल्हा में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दूर दराज से पढ़ने के लिए आने वाली छात्राओं को साइकिल वितरण कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गई जिससे शिक्षा अध्ययन पर छात्राओं को प्रेरित किया जा सके। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्रामीण महिलाओं को भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के संबंध पर महिलाओं के द्वारा किस तरह से लोगों के सामान्य जीवन पर बदलाव लाए जाते हैं और महिलाओं के कर्तव्यों के विषय पर जानकारी दी गई है। इसके बाद ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

## हैण्ड पम्प में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**मैहर।** मैहर के वार्ड नंबर 1 महराजानगर में गत दिवस शाम को करीब 5 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया जब पड़ोस के किशन चौधरी पानी के लिए अपनी पत्नी के साथ पड़ोस में हैण्ड पम्प पर पानी भरने गया जहां बारी लगाकर कब्जे में किए प्राची चौधरी के द्वारा बिना बजह गलत शब्दों से बोलने लगी जिसके बाद किशन चौधरी बिना पानी भरे ही जाने लगा तभी अंधरा टोला निवासी दो युवक करण व सागर के द्वारा गाली गलौज की गई जिससे बात बिगड़ गई और इस बीच मामला लाठी डंडे पर आ गई जिसमें प्राची चौधरी के माता पिता बुरी तरह घायल हुए और साथ ही किशन चौधरी भी बुरी तरह घायल हो गए। दोनों पक्षों को सिविल अस्पताल मैहर ले जाया गया और इलाज के बाद मैहर थाना में मामला दोनों पक्षों पर दर्ज कर दिया गया।

#### यह वजह है झगड़े की

वार्ड के लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि प्राची चौधरी के माता पिता नेत्रहींन है जिसके कारण मोहल्ले वालों ने आपसी सहमति से नेत्रहीन दोनो पति पत्नी के सुविधा अनुसार उनके घर के सामने चौराहे पर सरकारी हैण्ड पम्प लगावाया गया ताकि मुहल्ले वालों को सुविधा के साथ इन दोनों नेत्रहींन परिवारों को भी सुविधा रहेगी। समय बीतता गया और इन दोनों की एक बेटी जब बड़ी हुई तो धीरे धीरे मुहल्ले वालों के बताये अनुसार सरकारी हैण्डपम्प को बारी लगाकर कब्जे में कर लिए गया जो आये दिन विवादों में घिरा रहता है। पड़ोस के रामु चौधरी ने बताया की दिसंबर 2024 में हैण्ड पम्प पर पानी भरने गये थे तो अंधरा टोला निवासी करण व सागर ने मारपीट की थी और पानी नही भरने दिया गया उल्टा हमारे ऊपर प्राची के द्वारा छेड़ छाड़ का आरोप लगाकर दोनों सगे भाइयो को जेल में भिजवा दिया गया जो करीब 15 दिनों बाद जमानत मिली। पुलिस के द्वारा किसी प्रकार जांच नहीं की गई कि षड़यंत्र कर मुझे व मेरे भाई को फंसाया गया और फिर दोबारा इसी तरह की पानी भरने को लेकर विवाद हुआ जिसमें किसन चौधरी के साथ हुई मारपीट में बीच बचाव करने गये मनीष सिंह को बिना वजह फंसाया गया।



## मैहर जिला को मिली फिर एक बड़ी उपलब्धि, खोला जायेगा वन मंडल कार्यालय

**मैहर।** मध्य प्रदेश शासन के द्वारा मैहर जिला को नवीन वन मंडल कार्यालय खोले जाने की घोषणा की गई एवं कर्मचारी की नई भर्ती करने के लिए आदेश भी जारी किया गया। अब जल्द ही मैहर में वन मण्डल कार्यलय खोला जायेगा।

## त्यौहारों के समय कानून और व्यवस्था की कड़ी निगरानी रखें : कमिश्नर



### कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए माइक्रो लेवल तक प्लानिंग करें: डीआईजी

**सतना।** त्यौहारों के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में शनिवार को आयोजित की गई। कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी आने वाले त्यौहारों में कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के संबंध में समीक्षा की गई। कमिश्नर ने कहा कि होली,ईद,नवरात्रि,रामनवमी जैसे त्यौहार आने वाले हैं। त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था की कड़ी निगरानी रखें। राजस्व और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। जिले के सभी प्रमुख शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालें। असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी त्यौहार सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये जायें। आयुक्त रीवा संभाग बीएस जामोद ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से उनके क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सद्भावना के वातावरण में त्यौहार मनाने के लिए कानून और व्यवस्था की स्थिति सुदृढ रखने की गई कार्यवाहियों की अनुविभागवार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि होली खेलने के दिन नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता के लिए दोपहर के समय भी अतिरिक्त सप्लाई की व्यवस्था करें। इसके अलावा इन दिवसों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से बनाई रखी जाये। होली के दिन ही जुमे की नमाज भी अता की जाएगी। मस्जिदों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहे। थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित कर होली तथा अन्य त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने के लिए सभी को समझाइश दें। होली के दिन पुलिस और राजस्व अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें। कमिश्नर ने कहा कि होलिका दहन के लिए परंपरागत रूप से चिन्हित स्थलों पर ही अनुमति दें। बिजली के तार अथवा संचार माध्यमों की केबिल के नीचे होलिका दहन न करने दें। होली के दिन शराब की सभी दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। इसका कठोरता से पालन सुनिश्चित करें। त्यौहारों में नशा करके उत्पात करने, तेज गति से वाहन चलाने तथा अन्य असामाजिक गतिविधियाँ करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होलिका दहन तथा होली के दिन जिले के सभी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा के लिए डॉक्टर एवं अन्य कर्मचारी तैनात रखें। अधिकारी अपना सूचना तंत्र मजबूत रखें। महत्वपूर्ण सूचनाओं पर तत्परता से कार्यवाही करें।



## खबर संक्षेप

### मोहन राज विलास होटल केशरवानी वैश्य महा सभा को लेकर तैयारियां जोरों पर



**पन्ना।** केशरवानी वैश्य महासभा मध्य प्रदेश, जिला इकाई पन्ना के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि 09 मार्च, 2025 को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक, मोहन राज विलास होटल पन्ना में केशरवानी वैश्य नगर सभा पन्ना के तहत केशरवानी वैश्य महासभा प्रांतीय कार्यकारिणी की गरिमामयी बैठक का आयोजन किया गया है जिसकी भव्य तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि सभी में प्रांताध्यक्ष अनिल गुप्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में 08 मार्च, 2025 को केशरवानी वैश्य महासभा जिला पन्ना की विशेष बैठक मोहन राज विलास होटल में आहूत की गई जिसमें जिलाध्यक्ष कैलाश गुप्ता सहित मनोज केशरवानी, सोनू गुप्ता, मुरारी गुप्ता जी, राकेश गुप्ता, तोष केसरी, ऋषभ गुप्ता, जयानंद केसरी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, राकेश प्रसाद गुप्ता, संयोग गुप्ता, अशोक गुप्ता आदि महासभा के पदाधिकारी सदस्य सम्मिलित रहे।

### नगर परिषद अमानगंज के प्रांगण में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**अमानगंज।** प्रदेश शासन की मनसा अनुसार पूरे प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर परिषद नगर निकाय सहित ग्राम पंचायत स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी क्रम में शनिवार की दोपहर को अमानगंज नगर परिषद कार्यालय में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ राजेश वर्मा द्वारा की गई जिन्होंने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी ने अपने-अपने उद्बोधन दिए और महिलाओं की हिस्सेदारी समाज सहित देश एवं इस जीवन में है उस पर उद्बोधन दिया वही विधायक डॉ राजेश वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सिर्फ भाषण देने नहीं आया हूं मैं यह वचन देता हूं कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी मिलकर कार्य करें समाज में ऐसी बच्ची जो अपनी प्रतिभा की धनी है मगर संसाधनों के अभाव से आगे नही बढ़ रही है उसकी मदद करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऐसी प्रतिभा को निखार कर सम्मानित करना चाहिए और महिलाओं एवं बेटियों की मदद के लिए हमेशा हम सबको आगे जाकर कार्य करना चाहिए साथ ही उन्होंने उपस्थित जनता जनार्दन एवं जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी महिलाओं के एवं बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया विधायक डॉ राजेश वर्मा ने कहा कि प्रत्येक तहसील स्तर पर एवं नगर परिषद में शिकायत एवं सुझाव पेटी भी लगाइ है जिससे क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो यदि किसी को कोई समस्या है तो वह शिकायत एवं सुझाव पेटी में अपनी शिकायत लिखकर डाल सकता है जिसकी समस्या का समाधान किया जाएगा तदुपरांत सभी ने एक साथ बैठकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लाइव सुना एवं देखा साथ ही नगर सहित क्षेत्र की महिला नारी शक्ति का सम्मान बढ़ाने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया गया जिसके बाद नगर परिषद कार्यालय में पदस्थ सफाई कर्मचारी महिलाओं का भी गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा द्वारा शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया

# देवेंद्रनगर बांध की दुर्दशा, प्रशासन की लापरवाही से जल संकट का खतरा

### 1969 में बने देवेंद्रनगर बांध की विशेषता और उसकी वर्तमान स्थिति में सुधार की आवश्यकता

**पन्ना।**





1969 में स्थापित देवेंद्रनगर बांध मध्य प्रदेश का एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण जलस्त्रोत है, जो न केवल क्षेत्र के जलस्तर को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि यह बांध गीली मिट्टी से बने राज्य के कुछ विशिष्ट बांधों में से एक है। इस बांध की विशेषता यह है कि यह लगभग 5000 हेक्टेयर यानी साढ़े बारह हजार एकड़ भूमि को सिंचित करता है। इसके अलावा, देवेंद्रनगर बांध से निकलने वाली नहरों का पानी शुद्ध और आरओ के पानी के समान होता है, जो बिना फिल्टर के उपयोग में लाया जा सकता है। यह पानी सुदूर जंगलों से आता है और चिकित्सकों के अनुसार, यह पानी स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभकारी है।देवेंद्रनगर बांध का जल क्षेत्र के जलस्तर को बेहतर बनाए रखता है, जिससे यहां के किसानों और क्षेत्रवासियों को पानी की समस्या नहीं होती थी। विशेष रूप से, जब पानी की आवश्यकता होती है, तो इस बांध से निकला पानी बहुत जल्दी और प्रभावी रूप से सिंचाई के लिए उपलब्ध हो जाता है। यह बांध सतना नदी का भी उद्गम स्थल है, जो इस क्षेत्र को एक और जलस्त्रोत प्रदान करता है।हालांकि, देवेंद्रनगर बांध और उसकी नहरों की स्थिति अब बिगड़ चुकी है। नहरों की सफाई और रखरखाव में लगातार लापरवाही बरती जा रही है, जिससे नहरों का पानी गंदा और दूषित हो चुका है। इन नहरों से खेतों तक पानी पहुंचाने के बजाय यह पानी नालियों में बह रहा है, जो जल संकट का कारण बन सकता है। खासकर आने वाले गर्मी के मौसम में, जब किसानों को सिंचाई के लिए पानी की अधिक आवश्यकता होगी, तब यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। देवेंद्रनगर बांध के पास स्थित इस क्षेत्र में विशेष त्योहारों और वीकेंड पर पर्यटकों का जमावड़ा लगता है। लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं और इस प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हैं। यह स्थान एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुका है, और यहां हमेशा पर्यटकों की भीड़ रहती है। इसके अलावा, स्थानीय लोग और सेनानी इस बांध की देखभाल और सुरक्षा में हमेशा सक्रिय रहते हैं, लेकिन प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही ने बांध और उसकी नहरों की स्थिति को बिगाड़ दिया है। देवेंद्रनगर बांध जिला पन्ना मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर और देवेंद्रनगर से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह बांध देवेंद्रनगर के उत्तर में स्थित है और इस बांध की नहरें क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पानी पहुंचाती हैं, लेकिन अब इनकी स्थिति पूरी तरह से खराब हो चुकी है। बांध लगभग तीन से चार किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और इसकी ऊंचाई 30 फीट से भी ज्यादा है। विशेष रूप से होली के दिन, यहां सेनानियों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि यह स्थान एक विशाल मेले का रूप ले लेता है। यह क्षेत्र हमेशा पर्यटकों से भरा रहता है, लेकिन इस प्राकृतिक सुंदरता और महत्व के बावजूद, प्रशासन की लापरवाही के कारण इस बांध और नहरों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। सिंचाई विभाग की महिला अधिकारी, जो एक सब इंजीनियर के रूप में यहां पदस्थ हैं, उनकी शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही भी एक बड़ी समस्या बन गई है। वे महीने में केवल दो बार ही देवेंद्रनगर आती हैं, और उनके इस लापरवाह रवैये के कारण बांध और नहरों का रखरखाव और सफाई सही तरीके से नहीं हो पा रही है। अधिकारियों की इस लापरवाही के कारण अब यह क्षेत्र गंभीर जल संकट का सामना कर सकता है, जिससे किसानों और स्थानीय लोगों को परेशानी हो सकती है। देवेंद्रनगर बांध और नहरों के सुधार के लिए प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों से अपील की जाती है कि वे तत्काल कदम उठाएं, ताकि इस बहुमूल्य जलस्त्रोत का सही तरीके से उपयोग हो सके और भविष्य में जल संकट से बचाव किया जा सके। इस स्थिति के सुधार के लिए प्रशासन को ध्यान से नहरों की सफाई, बांध की मरम्मत और कर्मचारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि देवेंद्रनगर बांध अपनी ऐतिहासिक और जलवर्धक भूमिका को जारी रख सके और स्थानीय लोगों की जल आवश्यकताओं को पूरी कर सके।



### पवई बैडमिंटन ओपन टूर्नामेंट में पहुंचे पवई विधायक, खिलाड़ियों से मिलकर लिया परिचय

**पवई।** पवई के महाराजा छत्रसाल इनडोर स्टेडियम में सात मार्च से बैडमिंटन ओपन टूर्नामेंट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है,जिसमें शनिवार को पवई विधायक प्रहलाद लोधी पहुंचे,सबसे पहले वे खिलाड़ियों से मिले और उनका परिचय लिया,साथ ही आयोजन कर्ताओं को खेलो को प्रोत्साहित करने के लिए भी सहयोग की बात कही गई। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार खेलों ओर उभरते प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। आज ग्रुप बी के युगल मिश्रित के पहले मुकाबले में सर्वोत्तम पाण्डेय /अर्पित खरे ने महेंद्र सिंह/बलवीर सिंह को हराया दूसरे मुकाबले में गोविंद लोधी /इशाक खान ने भानु प्रताप सिंह/प्रभु दयाल को तो तीसरे मुकाबले में दीपेंद्र सिंह /राहुल पटेल ने प्रदीप पटेल/राजा भैया को हराया। इस दौरान जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी सहित दोनों टीमों के खिलाड़ी एवं आयोजक टीम के गोविंद लोधी,आनंद पांडे,रवि शंकर सिंह,राम गोविंद बागरी,तरुण लटोरिया,गौसिया खान,मनीष पांडे,अजय देव बुंदेला,निलय पांडे, सुभाष विश्वकर्मा सहित समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**पन्ना।**





कार्यालय आयुक्त, तकनीकी शिक्षा संचलनालय भोपाल से प्राप्त निर्देश तथा संस्था प्राचार्य अरविन्द कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में दिनांक 08.03.2025 को "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" मनाया गया। इस उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला पन्ना से पधारे मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र परस्ते जी द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में श्री परस्ते जी द्वारा महिला अधिकार एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुये संविधान में दर्शाये गए नियमों का सभी को पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। जिला विधिक सेवा से पधारे हुये माननीय श्री आनंद त्रिपाठी लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल, श्री करण सिंह डेप्युटी चीफ, श्री पवन पांडे डेप्युटी चीफ स्लक्ब तथा सुश्री विजय लक्ष्मी सहायक स्लक्ब जी द्वारा अपने वक्तव्यों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को एक दिवस तक सीमित न रखने एवं अपने परिवार तथा अन्य परिवार की महिलाओं को सम्मान देने तथा उनकी गरिमा बनाए रखने का आग्रह किया गया। सुश्री विजय लक्ष्मी जी के द्वारा अपने वक्तव्य में महिला समानता का ध्यान रखने, साइबर क्राइम से बचने तथा सोशल मीडिया के अनुशासित प्रयोग पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अगले चरण में संस्था में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अंतर्गत सुश्री वर्षा प्रजापति, व्याख्याता (सी0एस0ई0) के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के मध्य निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण, काव्य पाठ तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पूर्ण उल्लास से सहभागिता की गयी। कार्यक्रम का संचालन संस्था की सुश्री शिवांगी जैन द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष द्वारा माना गया। इस दौरान संस्था के हरीश पाठक, श्रीमती सोनू गौंड, श्री शिवम चौबे, अंशुमन रैले, श्री हरगोविंद कुर्मी, कौशल कोरी, सुरेन्द्र कुशवाहा, संतोष साहू, सुश्री मोनिका गुप्ता, श्रीमती शायना परवीन, श्रीमती पूजा खरे, रुचि खरे, श्रीमती नीलोफर तथा समस्त संस्था स्टाफ एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक पन्ना के प्रयास एवं आयुष्मान हॉस्पिटल नागपुर के सहयोग से पुलिस लाईन परिसर पन्ना में आयोजित किया गया एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर






### पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों व उनके परिवारजनो सहित 250 सदस्यों का किया गया चिकित्सीय परीक्षण

**पन्ना।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई.कृष्ण एस. थोटा द्वारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारी व उनके परिवारजनो के बेहतर स्वास्थ्य हेतु आज दिनांक 08.03.25 को होप एवं आयुष्मान नागपुर हॉस्पिटल नागपुर के सहयोग से पुलिस लाईन परिसर पन्ना में एक दिवसीय निरूशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ प्रातः 10 बजे पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा किया गया। उक्त निशुल्क चिकित्सा शिविर मे पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों के अलावा उनके परिवार जनो को भी आमंत्रित किया गया था ।चिकित्सा शिविर के दौरान शुगर,ब्लड प्रेशर, कैल्शियम,ई.सी.जी,पैप स्मीयर आदि जांचे निशुल्क की गई एवं शिविर मे उपस्थित हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजीशियन उपस्थित रहे जिनके द्वारा हड्डी, महिलाओ से संबंधित रोग एवं सामान्य रोग से सम्बंधित आवश्यक परामर्श दिये गये।उक्त चिकित्सा शिविर मे पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी व उनके परिवारजनो सहित 250 सदस्यो का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञ डॉ. की टीम द्वारा शिविर में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपात स्थिति मे आवश्यक प्राथमिक उपचार एवं सी.पी.आर. का प्रशिक्षण दिया गया । इस चिकित्सा शिविर में होप एवं आयुष्मान नागपुर हॉस्पिटल नागपुर से ऑर्थो विशेषज्ञ डॉ बी.के. मुरली, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. धनश्री बारापात्रे, जनरल फिजीशियन डॉ. सचिन गांठीवांदे,कॉर्पोरेट डायरेक्टर श्रीकांत भालेराव, मैनेजर सूरज राजपूत व उनके सपोर्टिंग स्टाफ द्वारा निशुल्क सेवायें प्रदान की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, एस.डी.ओ.पी पन्ना एस.पी. सिंह बघेल, एस.डी.ओ.पी. अजाक राजेन्द्र मोहन दुबे,रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर, थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार,थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा एवं थाना प्रभारी सिमरिया जगतपाल सिंह उपस्थित रहे।



### पक्षियों के दाना पानी के लिए टांगे सकोरे कुदरत के लिए हमारा छोटा सा फर्ज

**पन्ना/पवई।** शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में पक्षियों को दाना पानी रखते हुए पर्यावरण प्रेमी शिक्षक सतानंद पाठक ने कहा कि गर्मी का मौसम है बढ़ रहा है पारा ,ऐसे मौसम में बनता है छोटा सा फर्ज हमारा कुछ पानी रखे छत पर या बालकनी में अपनी ताकि अपनी प्यास बुझा सके कोई परिंदा प्यारा छात्रों के साथ मिलकर शिक्षकों ने पक्षियों के लिए पेड़ पर जलपात्र बांधकर दाना-पानी रखा। वहीं उन्होंने पक्षियों के लिए पानी रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया पानी के लिए इधर-उधर भटकते पक्षियों के लिए संकल्प लिया कि जल पात्रों में प्रतिदिन दाना पानी रखेंगे। उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों के जीवन की रक्षा करना है। हर साल गर्मी के कारण कई पक्षियों की पानी न मिलने के चलते मौत हो जाती है। इसी से पक्षियों को बचाने के लिए हम सभी ने छोटा सा प्रयास किया है आज के कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक श्रीमती माया खरे, शिक्षक सतानंद पाठक, सिद्धार्थ सागर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सौहार्द्रपूर्वक माहौल में भाईचारा के साथ मनाएं त्यौहार : कलेक्टर, जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में आगामी पर्व की व्यवस्थाओं के संबंध में हुई चर्चा

**पन्ना।** आगामी दिवसों में होली, ईद-उल-फितर, नवदुर्गा महोत्सव एवं रामनवमी सहित अन्य त्यौहारों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस मौके पर सभी पर्व एवं त्यौहार को शांति एवं परस्पर सौहार्द्रपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ मनाए जाने के संबंध में समिति के सदस्यों से चर्चा की गई। इस दौरान आवश्यक सुझाव प्राप्त कर श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुविधाओं के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में कलेक्टर सुरेश कुमार सहित पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा, नगर पालिका परिषद पन्ना की उपाध्यक्ष आशा गुप्ता एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण व शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आयोजित शांति समिति की बैठक में कहा कि 13 मार्च को शहर में वार्डवार कई स्थानों पर होलिका दहन के लिए विभागीय अधिकारी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। रात्रि 10 बजे तक अनिवार्य रूप से होलिका दहन कर लिया जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि प्रतिमा की स्थापना मुख्य चौराहों पर न हो और आवागमन में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। उन्होंने सभी पर्वों के दौरान पुलिस बल के चिन्हांकन और साफ-सफाई व्यवस्था, सुचारू रूप से पानी की सप्लाई तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सहित एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती, अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए फायर ब्रिगेड की उपलब्धता सहित सड़क मरम्मत इत्यादि के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा




कि सुप्रीम कोर्ट, ग्रीन ट्रिब्यूनल तथा राज्य शासन के निर्देशों का पालन कर अनुमत्य ध्वनि सीमा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जाए। त्यौहार एवं परीक्षाओं के दृष्टिगत भी बडे.वाहन के साथ डीजे का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा निर्धारित नियमों के पालन की शर्त पर अधिकतम दो डीजे की अनुमति प्रदान की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि 14 मार्च को होली उत्सव के दौरान केमिकल युक्त रंग का उपयोग न करें। इसकी बिक्री पर भी प्रतिबंध की बात कही। जिला कलेक्टर ने कहा कि 16 मार्च को भाई दूज पर्व एवं सखी वेश दर्शन व सखी मिलन समारोह कार्यक्रम के अवसर पर भी विशेष इंतजाम सुनिश्चित कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस टीम द्वारा गश्ती की कार्यवाही की जाए। इसी तरह वाहनों से अवैध चंदा वसूली पर रोकथाम, होली पर्व पर शुष्क दिवस का पालन सुनिश्चित कराने, सड़कों से आवारा पशुओं को अभियान संचालित कर शिफ्ट कराने तथा वाहन चेकिंग अभियान और असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने होलिका दहन पर वन विभाग के डिपो से जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था तथा डिपो पर दर सूची प्रदर्शित करने के लिए भी कहा।

**अघोषित बिजली कटौती न हो-** कलेक्टर ने कहा कि आगामी 31 मार्च को ईद-उल-फितर पर्व पर बादशाह साईं, बड़ी ईदगाह एवं बेनीसागर ईदगाह में सुबह 8 से 10 बजे तक नमाज अता की जाएगी। इस दौरान भी परिसर के आसपास एवं नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था तथा नगर पालिका द्वारा सुबह 6 से 9 बजे तक पेयजल सप्लाई की सुचारू व्यवस्था सहित ईद मिलन समारोह स्थल पुराना पावर हाउस चौराहा एवं आगरा मोहल्ला में नगर पालिका द्वारा शामियाना, कुर्सी एवं टैंकर से स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी पर्वों के दौरान अघोषित बिजली कटौती पर रोक के लिए निर्देशित किया। साथ ही बिजली कम्पनी के अधिकारी को विद्युत तार एवं केबल चेक कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा रैलियों में भड़काऊ गीत अथवा संदेश पर रोकथाम तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा नकली मावा तथा खुले में विक्रय वाली खाद्य सामग्रियों की जांच सहित सैम्पल कलेक्शन के निर्देश भी दिए गए। इसी तरह 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती, 18 अप्रैल को गुड फ्रायडे, 30 अप्रैल को परशुराम जयंती तथा 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर भी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया। चौत्र नवरात्र पर बड़ी देवी मंदिर में महिला श्रद्धालुओं द्वारा जल चढ़ाने के लिए सुबह 4 बजे से आवागमन के दृष्टिगत महिला पुलिस बल की तैनाती तथा स्ट्रीट लाइट की उचित व्यवस्था व आवश्यक मरम्मत के लिए कहा। इसी तरह चौत्र नवरात्र पर खेर माता मंदिर में वन अमले की तैनाती तथा शुक्रवार को होली पर्व एवं नमाज के दौरान भी आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति सदस्यों से पर्वों के दौरान आवश्यक सहयोग की अपील की। उन्होंने होली उत्सव समितियों के आयोजनकर्ताओं से वॉलंटियर्स की तैनाती के लिए भी कहा।

**खबर संक्षेप**



## बड़ामलहरा में जलाया गया जीतू पटवारी का पुतला

**बड़ामलहरा।** शनिवार को नगर के वीरांगना अवंतीबाई पार्क से प्रदर्शन करते हुए बस स्टैंड पहुंचे लोधी समाज सहित अन्य लोगों ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला जलाया और इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार आलोक जैन को सौंपा। ज्ञापन के पूर्व लोगों ने जमकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जीतू पटवारी सहित कुछ अन्य कांग्रेसी नेताओ द्वारा मंत्री प्रह्लाद पटेल के बयान को तोड़-मरोड़ कर जनता के बीच पेश किया और उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा एक कार्यक्रम में जनता को भिखारी कहे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसे कांग्रेस ने राजनैतिक मुद्दा बनाकर पूरे प्रदेश में प्रह्लाद पटेल का विरोध करवाया है। वहीं दूसरी ओर लोधी समाज सहित अन्य लोग कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। बड़ामलहरा में प्रदर्शन के दौरान मलखान लोधी, डॉ रमेश अग्रवाल, डॉ रमेश असाटी, करन लोधी, बालमुकुंद लोधी, पूर्व विधायक रेखा यादव, विक्रम यादव, रवि राजा, जीत सिंह यादव, बाबू यादव, जनपद अध्यक्ष राघव राजा, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश सोनी, सुनील मिश्रा, गिरजा पटैरिया, नीरज पौराणिक, नितिन चौधरी, देवेंद्र राय, छोटू मिश्रा, भोले लोधी, कल्लू विश्वकर्मा, खरगी बाई दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## गुटखा फैक्ट्री पर हुई छापामार कार्रवाई

**4 मशीनों सहित बड़ी मात्रा में जप्त की गई प्रतिबंधित सामग्री**



**हरपालपुर।** नगर में अवैध गुटखा फैक्ट्री संचालित होने की सूचना पर शनिवार को नौगांव एसडीएम काजोल सिंह के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए गुटख बनाने वाली 4 मशीनों सहित बड़ी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री जप्त की है। उक्त फैक्ट्री नगर के गलान मार्ग पर स्थित एक मकान के भीतर संचालित हो रही थी। टीम ने मौके से पुजारी और किस्मत ब्रांड के प्रतिबंधित गुटखे के पैकेट सहित बड़ी मात्रा में तम्बाकू और गुटखे की पैकिंग में इस्तेमाल किए जा रहे रैपर तथा मशीनें जप्त की हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन ने बताया कि इरशाद अली के मकान को दुर्गेश अनुरागी नाम के व्यक्ति द्वारा किराये पर लिया गया था और उसी के द्वारा गुटखा फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। जप्त सामग्री के सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में 95 किलोग्राम किस्मत गुटखा के पाउच और 11 बोरी कच्चा माल मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत डेढ़ से 2 लाख रुपए है। जप्त मशीनों और सामग्री को हरपालपुर पुलिस के हवाले किया गया है। कार्रवाई करने पहुंची टीम में नायाब तहसीलदार नौगांव पूजा भोरहरी, पटवारी आशीष पांडेय सहित हरपालपुर पुलिस शामिल रही।

## अपराधियों पर शिकंजा कस रही पुलिस

**जिले भर में पकड़े गए आधा दर्जन से अधिक अपराधी**

**छतरपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में पुलिस महकमा लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रहा है। शनिवार को जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस ने आधा दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। नौगांव पुलिस ने जहां दो फरार अपराधियों को पकड़ा है तो वहीं सटई पुलिस ने उत्तरप्रदेश से दो चोरों को दबोचने की कार्रवाई की है। जिला मुख्यालय पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को पकड़ा है, जिनके पास बड़ी मात्रा में गांजा मिला।

# जब तक महिलाएं अपनी ताकत को नहीं समझेगी तब तक महिला सशक्त कैसे होगी : ज्योति मिश्रा सरपंच




**राजनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजनगर जनपद पंचायत के ग्राम गोरा में आयोजित महिला सभा के दौरान ग्राम की युवा सरपंच ज्योति मिश्रा ने कहा कि जब तक महिलाएं अपनी ताकत को नहीं समझेगी तब तक महिला सशक्त कैसे होगी। इसलिए महिला सशक्तिकरण के उदाहरण को सच साबित करने हेतु महिलाओं को अपनी ताकत को समझते हुए अपनी जिम्मेदारियां को भी उचित निर्वाहन करना चाहिए। तथा वह जिस पद में है बगैर किसी दबाव के अपनी समझ के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

ग्राम पंचायत गोरा में आज महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ते हुए महिला सभा का आयोजन भी किया गया, आयोजन के माध्यम से महिलाओं को अपनी बात रखने का मिला अवसर - महिला एवं बालिका हितेषी पंचायत बनाने के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं यूएनएफपीए के तकनीकी सहयोग से निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं, 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत राजनगर की ग्राम पंचायत गोरा में महिला सभा का आयोजन किया गया महिला सभा का उद्देश्य महिलाओं को अपने हित की बात रखने का अवसर प्रदान करना एवं ग्राम पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य, लिंग आधारित भेद-भाव ना हो सभी को समान अवसर मिले इस पर आयोजित हुई जिसमें महिलाओं द्वारा उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त किए एवं प्रस्ताव पारित करवायें साथ ही महिला एवं बालिका हितेषी पंचायत बनाने के लिए राज्य स्तर पर ईटीसी भोपाल में 5 ओर 6 मार्च को चायनित। ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को प्रशिक्षण दिया गया।

ग्राम पंचायत में प्रशिक्षण दिया गया महिला सभा में उपस्थित महिलाओं का सरपंच ज्योति मिश्रा द्वारा माला पहनाकर का स्वागत किया गया। अभी तक किये गये प्रयास का उल्लेख किया साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राकेश शुक्ला, जनपद अध्यक्ष प्रेम वाई कुशवाहा परियोजना अधिकारी राजनगर के अलावा और भी कई अधिकारी मौजूद रहे।

# नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर हो रहा मामलों का निराकरण




**छतरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में एवं शनिवार को छतरपुर जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जिसमें राजीनामा योग्य सिविल, किमिनल प्रकरण, विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक, वित्तीय बैंक, ऋण संबंधी एवं दूरसंचार विभाग के प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह के अनुमोदन उपरांत जिला न्यायालय छतरपुर एवं तहसील न्यायालय नौगांव, बिजावर, लवकुशनगर, राजनगर, बड़ामलहरा सहित कुल 29 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय की 13 खण्डपीठ एवं तहसील स्तर पर 16 खण्डपीठों पर आपसी सुलह समझौतों के आधार पर प्रकरणों का निराकरण हो रहा है। इसके साथ ही नगर पालिका, बैंकिंग संस्थाओं, विद्युत विभाग के कर्मचारी भी अपने स्टॉल लगाकर विभाग संबंधी प्रकरणों का निदान कर रहे हैं। छतरपुर नगर पालिका के कर्मचारी मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि नगर पालिका छतरपुर ने नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर के 450 मामले निराकरण के लिए रखे हैं, जिनसे करीब 1 करोड़ की वसूली का अनुमान है। जल कर के भी 250 मामलों का निराकरण किया जाना है, जिससे लगभग 10 से 15 लाख की वसूली होगी। इसी तरह बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अशोक तिवारी ने बताया कि बैंक की चार शाखा महराजपुर, छतरपुर, स्टेडियम और हमा में टोटल 435 अकाउंट ड्यू थे। उक्त शिविर में कुल 45 मामलों में समझौता हुआ और खाता धारकों से 18 लाख की राशि वसूल की गई।

# सड़क हादसे में युवक की मौत



**बमीठा।** थाना क्षेत्र के देवगांव-झमटुली मार्ग पर बीती रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि झमटुली निवासी 32 वर्षीय बद्री पुत्र घमंडी पटेल रिश्तेदारी में गया था। रात के वक्त जब वह वापिस अपने घर जा रहा था तभी झमटुली गौशाला के समीप सामने से आ रही अज्ञात बाईक से उसकी भिड़ंत हो गई। घटना के बाद दूसरी बाईक का चालक मौके से भाग निकला, जबकि बद्री की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ समय बाद राहगीरों द्वारा बद्री के परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए राजनगर भिजवाया और मामले की जांच शुरु की।

# प्रहलाद पटेल के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**रैली निकालकर की नारेबाजी, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**



**छतरपुर।** पिछले दिनों मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा दिए गए एक वक्तव्य के विरोध में कांग्रेस ने शनिवार को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। छतरपुर जिला मुख्यालय पर भी कांग्रेसी नेताओं ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर मंत्री प्रहलाद पटे के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग रखी।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी ने बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे कांग्रेसी नेताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्टर कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और इसके बाद ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल ने कहा कि मंत्री प्रहलाद पटेल ने सार्वजनिक रूप से प्रदेश की जनता को भिखारी निरूपित किया है, जो कि निंदनीय और आपत्तिजनक है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने तथा उन्हें मंत्री मंडल से हटाने की मांग करती है। वहीं कांग्रेस की प्रवक्ता दीप्ती पांडे ने भी भाजपा और प्रहलाद पटेल पर निशाना साधकर उनकी आलोचना की। इस मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनीस खान, कार्यालय प्रभारी सरमन लाल मिश्रा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय शिवानी चौरसिया, स्मिता खरे, रमा चौहान, सपना चौरसिया, हरनारायन यादव, शिव सिंह यादव, आईटी सेल जिलाध्यक्ष दीपांशु यादव, दिलीप सिंह क्षत्रिय, राजेन्द्र सिंह चौका सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सृजन संस्था ने किया महिलाओं का सम्मेलन



**बामीठा।** जिले में सालों से काम कर रही सृजन संस्था आजीविका मिशन के साथ मिलकर स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रशिक्षण देने का काम कर रही है। इसी के साथ आज राजनगर विकासखंड के बमीठा में एक वृहद महिला सम्मेलन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की अवसर पर कराया गया। जिसमें 112 समूह की महिलाओं ने भागीदारी की इन महिलाओं को ग्राम खैरी का विजिट भी कराया गया। समूह के उत्पाद बर्तन निर्माण कार्य दिखाया गया। इसके बाद सम्मेलन में आत्मनिर्भर बनने की तरीका साधन प्रशासन की योजनाओं का लाभ लेने बच्चों को पढ़ने बेटा बेटी में भेद नहीं करने जैसी जानकारियां दी गई। आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी राजनगर ने भी महिलाओं को महिला बाल विकास संबंधित जानकारियां दी। कार्यक्रम में सृजन संस्था के राम मोहन गुप्ता, टेक्निकल असिस्टेंट ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजय चौबे, महेश, रानी रोहित गोवर्धन एवं ग्राम पहाड़ी ही राजू महिला सरपंच,, ग्राम खैरी के पूर्व सरपंच सुनील पांडे, मास्टर ट्रेनर लेखराम और बड़ी संख्या में स्वास्थ्य सहायता समूह की महिलाएं अध्यक्ष मौजूद रही।

# जिला अस्पताल में पहली बार हुआ हड्डी के कैंसर का सफल ऑपरेशन

**मरीज के लिए भगवान बने अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ रवि सोनी**

छतरपुर।



जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास अब कारगर नजर आने लगे हैं। गंभीर मरीजों को रेफर करने की बजाय अब उन्हें जिला मुख्यालय पर ही समुचित इलाज मिल रहा है, जो कि लोगों के लिए सकारात्मक खबर है। जिला अस्पताल के चिकित्सक और यहां की सुविधाएं इतनी आधुनिक हो गई हैं कैंसर जैसे रोगों का इलाज भी यहां होने लगा है। ताजा मामला कुछ ऐसा ही है, जिसमें जिला अस्पताल में पदस्थ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ रवि सोनी, कैंसर रोग से पीड़ित एक मरीज के लिए भगवान बनकर सामने आए। एक समय पर जिस मरीज ने जीने की उम्मीद छोड़ दी थी, उस मरीज का डॉ रवि सोनी ने सफल ऑपरेशन किया है, जिसके लिए डॉ सोनी चर्चाओं में है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बड़ामलहरा क्षेत्र के एक गांव का रहने वाले 34 वर्षीय कमलेश शर्मा को करीब दो वर्ष पूर्व कमर के ऊपर की हिस्से में हल्का दर्द शुरु हुआ था। शुरुआत में तो कमलेश ने इसे मामूली दर्द समझा लेकिन समय के साथ जब यह ठीक नहीं हुआ तो, उन्होंने उपचार शुरु कराया लेकिन इसका कोई लाभ नहीं हुआ। कमलेश के मुताबिक दर्द दिन-प्रतिदिन बढ़ता गया और एक समय ऐसा आ गया जब वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। चूंकि कमलेश सामान्य परिवार से आते हैं, जिसके चलते बड़े स्तर पर वह अपना इलाज नहीं करा पा रहे थे। कुछ समय पूर्व जब उन्होंने एक बार फिर अपनी जांच कराई तब उन्हें पता चला कि उन्हें जो तकलीफ है, वह कुछ और नहीं बल्कि हड्डी का कैंसर है। इसी बीच कमलेश को जिला अस्पताल में पदस्थ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ रवि सोनी के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने डॉ सोनी से संपर्क किया। कमलेश की तकलीफ और उसकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए डॉ. रवि सोनी ने जिला अस्पताल में अपने सपोर्ट स्टाफ के साथ उसका हाई रिस्क ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। डॉ रवि सोनी द्वारा पहली बार किया गया यह ऑपरेशन सफल रहा, जो कि उनके साथ-साथ संपूर्ण अस्पताल प्रबंधन के लिए बड़ी उपलब्धि है। मरीज कमलेश शर्मा और उनके परिजनों ने भी डॉ रवि सोनी का आभार जताया है।

# महालक्ष्मी मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 12 मार्च को

**छतरपुर।** नगर के सिद्धपीठ माँ महालक्ष्मी मंदिर परिसर में नगर अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा 12 मार्च को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है।

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी अग्रश्री परमलाल अग्रवाल एवं रामकली देवी की स्मृति में उनके पुत्र बृजकिशोर अग्रवाल, पुत्रवधु उषा अग्रवाल और नाती हंशुल उर्फ हैप्पी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा 12 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया जाएगा। उन्हें आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवा का वितरण होगा एवं चश्मा भी दिया जायेगा। परीक्षण के उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर उसी दिन शिविर के तत्काल बाद निजी वाहन से ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन निःशुल्क व सशुल्क दोनों प्रकार के होंगे। मरीजों को चित्रकूट जाने व वापस आने एवं भोजन व ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। अग्रवाल समाज के नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी मरीजों से शिविर में आधारकार्ड या उसकी फोटोकॉपी के साथ अधिक से अधिक संख्या में आकर लाभ उठाने की अपील की है।

# 60 प्रतिशत लोगों को फाइनेंशियल सुरक्षा की चिंता

छतरपुर




भारत में सैंडविच जेनरेशन के लोग अपने माता-पिता और बच्चों की ज़िंदगी को हर संभव तरीके से सबसे बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं, फिर भी उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस की एक स्टडी के अनुसार, 60 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि, चाहे मैं कितनी भी सेविंग या इन्वेस्ट कर लूँ, पर ऐसा लगता है कि ये भविष्य के लिए काफ़ी नहीं है।

सामान्य तौर पर 35 से 54 साल की उम्र के लोगों को सैंडविच जेनरेशन कहा जाता है, जिनके कंधों पर दो पीढ़ियों – यानी अपने बुज़ुर्ग माता-पिता और बढ़ते बच्चों की आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी होती है। इस मौके पर एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ, सुमित राय ने कहा, पिछले कुछ सालों में अपने ग्राहकों के साथ बातचीत के आधार पर हमने इस बात को करीब से जाना है।

# थाना प्रभारी माड़ा शिवपूजन मिश्रा ने महिला दिवस पर नारी शक्ति के लिए स्वरचित पंक्तियों को समर्पित किया

**कुछ तो करो विचार उर से जग का सृजन हुआ, दिया मनुजता को आकार। ये जननी जगपालक है, कुछ तो करो विचार**



**सिगरौली।** सबला बनकर नारी ने, वेदों की व्याख्या कर डाली, यज्ञाहुति में हाथ बंटाती, ज्ञान की थी भंडार।कुप्रथाओं के कारण, नारी घर में कैद हुई, बाल विवाहों ने कितने, छीन लिए अधिकार।बड़े-बड़े प्रासादों में, गुण से ज्यादा रूप बिके, जाने कितनी सबलाएं, चुनी गईं दीवार।कब तक सहेगी ताने, कोखों में मारी जाएगी, कब तक दुनिया उजड़ेगी, उजड़ेगा घर बार।दोष न छोटे वसनों का, ये दूषित सोचों का परिणाम, छेड़छाड़ की घटनाओं से, भरे हुए अखबार।विदा किया था डोली में, अपने जिगर के टुकडे को, उसे जलाकर मार दिया, जिसने न दी कार।कार्य का छिद्रान्वेषण करतीं, बैठे-बैठे सास ननद, पहले दिन से सुनती है वो, व्यंगों की बौछार।चीर हरण को घूम रहे, दुर्योधन और दुःशासन, श्रीकृष्ण बचाने कब आयेगें, उठा स्वयं तलवार।तूफानों से रोज लड़ाई, साहिलों का पता नही, सबकी नैया पार लगाती, खुद की है मझधार।आठों याम की सेवा मे, सबके ऑसू पोंछ रही, खुद के आंसू छुपा रही, गजब की है फनकार।सहती ठिठुरन ठंड की, गर्मी में जल जाती है, बारिश मे भी फर्ज निभाती, भीगे सांझ सकार।पिता पराया धन माने, ससुर पराये घर की, कौन से घर को अपना माने, किसे कहे परिवार।अवनि से लेकर अंबर तक कांधे से कांधा मिला रही,बेटा-बेटी एक समान, कर भी लो स्वीकार।पुरूषों को पीछे छोड़ चली, आज आधुनिक नारी, उच्च पदों मे पदासीन वह, चला रही सरकार ।अपने बुद्धि विवेक से, हासिल किया मक़ाम, शिक्षा व सम्मान मिला, जिसकी है हकदार।बराबरी का दर्जा, देने वाले कौन हो तुम, अपनी प्रस्थिति तय कर लेगी, जो भी है दरकार।अंतर्मन का अहं त्याग जब दोनो हाथ बटाएगें,स्वर्ग से सुंदर हो जाएगा, अपना यह संसार ।

**'निरी. शिवपूजन मिश्रा' जिला सिंगरौली (म.प्र.)**

# नौगई में श्याम फार्मा का हुआ भव्य उद्घाटन



**नौगई।** जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर नौगई में बतौर मुख्य अतिथि हरिभूमि के ब्यूरो चीफ राकेश चंद्र पाण्डेय ने फीता काट कर श्याम फार्मा का उद्घाटन किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्णा शर्मा, रामाधार शर्मा म.प्र. पुलिस सूर्यभान,प्रोपराइटर लालचंद शर्मा सहित गणमान्य नागरिक व आम जनमानस उपस्थित रहे।

# एनसीएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025

**सिंगरौली।** शनिवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ "एक्सलरेट एक्सन" विषय पर मनाया गया । इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल, सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), सुनील प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक (कार्मिक), प्रमोद कुमार सिन्हा, सीएमएस, केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली मंजरी मेहता, विप्स एनसीएल सदस्यगण, एनसीएल मुख्यालय से विभिन्न अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में एनसीएल महिला कर्मी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और समाज के विकास में महिलाओं के निःस्वार्थ भाव से दिये गए योगदान की सराहना की। इसके अतिरिक्त उन्होनें महिलाओं को आदिस्वरूप, शक्तिस्वरूप एवं सरस्वतीस्वरूप बताते हुए उन्हें प्रेम एवं वात्सल्य का प्रतीक बताया। साथ ही उन्होनें कंपनी की उतरोत्तर प्रगति में महिला कर्मियों की भूमिका को सराहा। इस दौरान कंपनी के निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक ने उपस्थित सभी को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित की एवं उन्होनें हर क्षेत्र में नारी शक्ति के योगदान को अतुलनीय बताते हुए नारी शक्ति को सलाम किया। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), सुनील प्रसाद सिंह ने सभी को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए महिलाओं को सामाजिक विकास का एक मजबूत स्तम्भ बताया। साथ ही उन्होनें एक सशक्त समाज के विकास हेतु महिलाओं के सशक्तिकरण को ज़रूरी बताया। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

**खबर संक्षेप**

### रेडक्रास सोसायटी द्वारा किया गया मातृ शक्तियों का सम्मान



**रीवा ।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन स्वागत भवन वृद्धाश्रम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानस मर्मज्ञ विदुषी श्रीमती ज्ञानवती अवस्थी ने कहा कि रामायण में नारी की महिमा का वर्णन किया गया है और नारी का सम्मान हर काल में हुआ है।
कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मोहिना सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिले में अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को अध्यात्म के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नारी को अपने अंदर की शक्ति को पहचानना चाहिए।
कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य करने वाली गणमान्य मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया। इस कड़ी में सर्वप्रथम हमारे नगर में रोज सफाई का कार्य करने वाली 5 स्वच्छता कर्मीयो का सम्मान किया गया। इसके उपरांत श्रीमती भारती शर्मा, सीमा श्रीवास्तव, मीनाक्षी शास्त्री, डॉ शैलबाला श्रीवास्तव, डॉ गीता बनर्जी, डॉ मोहिता पांडे, डॉ शैलजा सोनी, श्रीमती ममता नरेंद्र सिंह, श्रीमती सरोज सिंह, श्रीमती मुक्ता त्रिपाठी, श्रीमती मणिमाला सिंह, डॉ आरती तिवारी, श्रीमती रंजना शर्मा के साथ साथ 40 मातृशक्तियों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, वाइस प्रेसिडेंट श्री जयंत खन्ना, वाइस चेयरमैन एके खान, डॉ हर्ष सिंह, डॉ सी डी दुबे, डॉ आदित्य तिवारी, डॉ एस के श्रीवास्तव, डॉ सुशील त्रिपाठी, डॉ अजीत सिंह एवं रेडक्रॉस के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने विश्व महिला दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व महिला दिवस के पर अटल पार्क में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। अभियान का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसके पास अच्छा स्वास्थ्य है उसके पास जीवन की सभी खुशियाँ हैं। हर व्यक्ति को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरूक होकर प्रयास करना चाहिए। अपने स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराएं। अभी जिले में 20 मार्च से 31 मार्च तक निरोगी काया अभियान चलाया जाएगा। इसमें सभी सरकारी अस्पतालों में 30 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की जाएगी। इस अभियान का लाभ उठाएं। प्रातः काल घूमना स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है। रीवा में अटल पार्क और रतहरा तालाब जैसे स्थान सुबह की सैर के लिए सबसे उपयुक्त स्थानों के रूप में विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का उद्देश्य किशोरियों के स्वास्थ्य संवर्धन, महिला स्वास्थ्य, प्रजनन स्वास्थ्य एवं किशोरी स्वास्थ्य के विषय में महिलाओं को जागरूक करना है। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने अलग अलग क्षेत्र के ख्यातिलब्ध महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं एनीमिया तथा सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के रोकथाम पर परिचर्चा आयोजित की गई। सर्वाइकल कैंसर के उपचार में एचपीव्ही वैक्सीन को निःशुल्क एवं अनिवार्य करने के लिए भावी रणनीति बनाने के लिए भी आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अधिष्ठाता डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा, सीएमएचओ डॉ संजीव शुक्ला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वीनू सिंह, सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा, डॉ निशा गुप्ता, जीडीसी कॉलेज प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव, विंध्यधरा की लोकगायिका मणिमाला सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राघवेंद्र मिश्रा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा सहित अन्य चिकित्साकर्मी, स्वास्थ्य विभाग की सभी आशा बहनें, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**कमिश्नर ने महिला दिवस में विभिन्न क्षेत्रों की महिला प्रतिभाओं को किया सम्मानित**

# सशक्त और जागरूक नारी से ही सशक्त समाज और देश बनेगा : कमिश्नर

**रीवा।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रीवा जिले में प्रशासनिक पदों तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखा रही महिलाओं को पुष्पगुच्छ तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मानित करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि महिला दिवस के रूप में भले ही 8 मार्च का दिन निर्धारित है, लेकिन वर्ष के सभी 365 दिन महिलाओं के सम्मान के लिए हैं। परिवार और समाज में नारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ईश्वर ने संतति के सृजन का सम्मान केवल नारियों को दिया है। समय के साथ परिवार और समाज में नारियों की भूमिका में परिवर्तन अवश्य हुआ है, लेकिन उनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। सशक्त और जागरूक नारी से ही सशक्त समाज और देश का निर्माण होगा। रीवा में विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रही महिलाएं नारियों की प्रतिभा और सशक्तीकरण का उत्कृष्ट प्रमाण है। कमिश्नर ने कहा कि विश्व महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य नारियों को जागरूक करना है। आज जो महिलाएं जागरूकता का संदेश ले रही हैं वे सभी विकास की पंक्ति में सबसे पीछे खड़ी महिलाओं तक जागरूकता का संदेश पहुंचाएं। अपनी प्रतिभा और परिश्रम के आभा मण्डल से अन्य महिलाओं में जागरूकता की ज्योति जलाएं। समारोह में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मेरे पिता 1946 में बीटेक करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा में अधिकारी बने। मेरी माता को पढ़ना-लिखना नहीं आता था, लेकिन हम 6 भाई-बहनों को शिक्षा-दीक्षा और संस्कार माँ से ही मिले हैं। उनके अनुशासन के कारण मेरी दो बहनें डॉक्टर बनीं। दो भाई वैज्ञानिक बने और मैं भी अच्छे पद तक पहुंच पाया।



केवल यही उदाहरण परिवार और समाज में नारी की महत्ता को रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है। हमारे देश में प्राचीन काल से नारियों का सम्मान रहा है। हम अपनी नदियों तक को माता कहकर सम्मानित करते हैं। विन्ध्य क्षेत्र में नारियाँ हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इस विकास की दौड़ के बीच माताओं पर अपने बेटी और बेटे को अच्छे संस्कार देने की भी जिम्मेदारी है। नारियाँ सदैव महान रही हैं और सदैव महान रहेंगी।
समारोह में श्रीमती ममता नरेन्द्र सिंह ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्हें सहयोग, सम्मान और आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा की आवश्यकता है। परिवार और समाज में स्त्री और पुरूष को समान आदर और समान अवसर मिलना चाहिए। महिलाएं अपनी मर्यादा की रक्षा करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और सफल होने का प्रयास करें। परिवार और समाज में महिलाएं एक-दूसरे से संपर्क और संवाद भी सैदव बनाए रखें। उद्यमी चेतना मिश्रा ने कहा कि मैंने शासकीय सेवा का मुंह छोड़कर स्वरोजगार को अपनाया है। मैं हर महिला को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से सशक्त होते देखना चाहती हूँ। यही सक्षमता महिलाओं को सभी अधिकारी और विकास के सभी अवसर देगी। समारोह में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने कहा कि शिक्षा और आर्थिक विकास के साथ महिलाओं की परिवार और समाज में भूमिका तेजी से बदल रही है। आज महिलाएं बहुत जागरूक हैं। हर महिला को अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के साथ हर उस महिला के अधिकार के लिए संघर्ष करना चाहिए जो समाज के हाशिए पर है। आज का दिन महिलाओं द्वारा लंबे संघर्ष के बाद मिले अधिकारों की सफलता का दिन है। हमें देवी की तरह महानता नहीं, समानता चाहिए।समारोह में लेखिका सपना सिंह ने साहित्य में नारी विमर्श में महिला साहित्यकारों के योगदान की जानकारी दी। डॉ महेश शुक्ला प्राध्यापक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय ने विन्ध्य क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाली महिलाओं की जानकारी दी। डॉ मंजू मिश्रा ने महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कई महिलाओं ने गीतों और कविताओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के संदेश दिए। पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास तथा बघेली लोक गायिका मणिमाला सिंह ने दो मधुर लोकगीत प्रस्तुत किए। समारोह में उप संचालक मछली पालन डॉ अंजना सिंह, ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन निर्मला दीदी, पत्रकार श्रीमती आरती श्रीवास्तव, स्नेहा त्रिपाठी, प्रतिभा शर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय श्रीमती विभा श्रीवास्तव, डॉ साइना परवीन, डॉ सरिता पाठक, डॉ मंजू पाण्डेय, आरती मिश्रा, प्रसिद्ध कबड्डी खिलाड़ी दर्शना वाकड़े, डॉ आरती तिवारी तथा विभिन्न क्षेत्र की अन्य महिलाओं ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी ने किया। समारोह में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा बड़ी संख्या में महिला अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं अन्य क्षेत्रों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## उप मुख्यमंत्री ने शहर में विद्युत सब स्टेशन का किया भूमिपूजन




**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के लोगों की जागरूकता का ही परिणाम है कि रीवा तरक्की के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। यहां अधोसंरचना विकास के साथ ही सड़कों, फ्लाईओवर, कचरा संग्रहण, जल प्रदाय व विद्युत की निर्वाध आपूर्ति हो रही है। उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर में पीटीएस चौराहे पर बनाए जाने वाले विद्युत सब स्टेशन का भूमिपूजन करते हुए कहा कि 2003 से पूर्व रीवा में मात्र 6 विद्युत सब स्टेशन थे, यह शहर का 14वां सब स्टेशन होगा, जिसके बन जाने से पुलिस लाइन, गुढ़ चौराहा, फूलमतीमाता मंदिर सहित आस पास के क्षेत्रों में निर्वाध व बेहतर वोल्टेज के साथ विद्युत की सप्लाई सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने आगामी दो माह में विद्युत सब स्टेशन का कार्य पूर्ण करने निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में मुख्य अभियंता आईके त्रिपाठी ने बताया कि दो करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले सब स्टेशन का निर्माण कार्य 30 मई तक पूर्ण कर लिया जायेगा। कार्यक्रम में तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला ने बताया कि 33/11 विद्युत उप केंद्र के बन जाने से 15 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त निर्वाध विद्युत की आपूर्ति मिलेगी। यह सब स्टेशन उत्कृष्ट सब स्टेशन बनेगा जहां 33/11 की दो लाइनें कार्य करेंगी, यह शहर का 14वां सब स्टेशन तथा रीवा और मऊगंज जिले को मिलाकर 94वां सब स्टेशन होगा। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, राजगोपाल मिश्रचारी, हेमलता सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवेश तिवारी ने किया।

### सरकारी स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा, शिक्षिका घायल

**रीवा।** जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के रघुराजगढ़ स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में उस समय एक गंभीर हादसा हुआ, जब विद्यालय की छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। इस दुर्घटना में स्कूल में पढ़ा रही अतिथि शिक्षिका आकांक्षा दुबे गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के अनुसार, रघुराजगढ़ के आदिवासी बस्ती कटारा में स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका आकांक्षा दुबे बच्चों को पढ़ा रही थीं। तभी अचानक स्कूल की छत का प्लास्टर भरभराकर गिर पड़ा और सीधे उनकी सिर पर गिर गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। यह हादसा उस समय हुआ जब कक्षा में बच्चे मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि कोई बच्चा इस घटना की चपेट में नहीं आया। यदि बच्चे घायल हो जाते तो यह घटना और भी भयावह हो सकती थी। बता दे कि प्लास्टर गिरने के कारण शिक्षिका के सिर में गंभीर चोट आई और वह अचेत हो गईं। इसके बाद स्थानीय लोगों और विद्यालय स्टाफ द्वारा उन्हें तुरंत संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार कर रहे है।

## नाती का शव लेकर प्रयागराज जा रहे वृद्ध की सड़क हादसे में मौत

### कटरा सोहागी पहाड़ के बीच बोलेरो जीप घुस गई पिक अप वाहन में

**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के कटरा गंग तीरा के पास शुक्रवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि बोलेरो सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह बोलेरो सवार परिवार अपने मृतक नाती के अंतिम संस्कार के लिए प्रयागराज जा रहे थे, तभी पिकअप और बोलेरो की बीच हुई टक्कर के कारण यह दुर्घटना घटित हुई। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार दोपहर लगभग 2:00 बजे, 95 वर्षीय गंगा सिंह और उनके परिवार के लोग रायपुर कर्चुलियान से प्रयागराज अपने नाती के अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी बोलेरो कटरा गंगतीरा के पास पहुंची, अचानक एक व्यक्ति सड़क पार करने लगा। उसे बचाने के प्रयास में बोलेरो चालक ने वाहन मोड़ा, और तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गई। यह टक्कर इतनी भयंकर थी कि गंगा सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बोलेरो में सवार तीन अन्य लोग महेंद्र सिंह, उनकी पत्नी प्रेरणा सिंह और वंदना सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को गंगेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर उन्हें संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर गढ़ थाना प्रभारी अवनीश पाण्डेय अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को अस्पताल भेजा और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में शव को परिजनों को सौंप दिया गया।स्थानीय नागरिकों ने सड़क के खराब हालत को हादसे का मुख्य कारण बताया और प्रशासन से राष्ट्रीय राजमार्ग-30 की मरम्मत और सड़क सुरक्षा के उपायों को लागू करने की मांग की। वहीं, गढ़ पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर मामले में मर्ग कायम कर लिया है और जांच जारी है।

## डिवाइडरों पर लगाए जाएंगे 7,000 पौधे

### मॉडल रोड पर ननि ने की पौधे रोपने की शुरुआत

**रीवा ।** शहर को स्वच्छ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बीच नगर निगम ने अब सड़कों के बीच हरियाली तैयार करने की रूपरेखा बनाई है। चोरहटा से लेकर रतहरा तक बनाई गए मॉडल रोड के डिवाइडर पर सुंदरता बढ़ाने वाले पौधे लगाए जाएंगे। अभियान के तहत विशेष रूप से चयनित 32 प्रकार के तेलंगाना से 7 हजार पौधे मंगाए गए है, जो शहर की खूबसूरती को निखारने में भूमिका निभाएंगे। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि नगर निगम लगातार हरियाली को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठा रहा है। पुलिस लाइन चौक, जयस्तंभ, सिरमौर चौक, कॉलेज चौक रोटरी को हरे-भरे पौधों और फूलों से सुसज्जित किया जा रहा है। साथ ही, सभी मुख्य मार्गों के मॉडल रोड डिवाइडरों पर पौधे लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पौधों की वृद्धि में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए, इसके लिए डिवाइडरों में नई मिट्टी डलवाई जा रही है और नियमित रूप से सिंचाई की जा रही है।

## एक दिन में नवविवाहिता सहित दो युवकों ने की आत्महत्या

### अमहिया, चोरहटा और सामन थाना क्षेत्र की में सामने आई घटना

**रीवा।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बीती रात तीन महिला पुरुष सुसाइड कर अपनी जान दे दिए। पुलिस अब मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है। सुसाइड करने वालो में एक नवविवाहित महिला सहित दो युवक शामिल है। तीनों ही घटनाएं शहरी थाना क्षेत्र की है जिसमें पहली घटना अमहिया थाना क्षेत्र के ऊर्रहट मोहल्ले में हुई। जानकारी के मुताबिक ऊर्रहट मोहल्ले में रहने वाले आकाश सिंह नामक युवक ने बीती रात अज्ञात कारणों से फांसी के फंदे में झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक शहर में अकेला रहकर काम करता था, मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है, जिसके बाद पुलिस पूरे मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी हुई है। इसके अलावा सुसाइड की दूसरी घटना चोरहटा थाना क्षेत्र के रमकुई गांव में हुई जहां तेजभान सिंह नामक युवक की फांसी में झूलकर मौत को गले लगा लिया। हालांकि युवक द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम से परिजन हैरान और परेशान है। इसी तरह सुसाइड की तीसरी घटना शहर के समान थाना क्षेत्र में हुई जहां एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक युगल ने दो वर्ष पूर्व ही प्रेम विवाह किया था, जिसके बाद बीती रात अचानक मृतका के परिजनों को फोन आया कि सपना फांसी लगा रही है और जब परिजन मौके पर पहुंचे तो वह वहां नहीं थी, बल्कि उन्हें पता चला कि अस्पताल में वह मृत अवस्था में पड़ी हुई है। इस मामले में समान पुलिस ससुराल पक्ष के साथ मायके पक्ष के लोगों के बयान दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## मंत्री प्रह्लाद पटेल पर एफआईआर करने का कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**मऊगंज।** प्रदेश सरकार में पंचायत ग्रामीण मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा विगत दिनों आम जनता को भीख मांगने जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया था जिसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस द्वारा पुतला दहन के बाद एफआईआर दर्ज हो बात कही है जिले में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर एफआईआर करने की मांग की गई है बड़ी संख्या में कांग्रेस के पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना जिला अध्यक्ष पद्मेश गौतम जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारीयों ने प्रदर्शन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया है मांग की गई है कि मंत्री प्रहलाद पटेल पर एफआईआर दर्ज की जाए एक मंत्री ने प्रदेश की जनता को भिखारी शब्द से संबोधित किया है जबकि वोट मांगते समय इसी जनता को भगवान का रूप बताते हैं इस दोहरे विचार पर कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## समय पर खेत में पानी न पहुंचने से किसानों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**मऊगंज।** जिले के गोरमा बांध से सिंचाई करने वाले बिझौली क्रमांक 01 के दर्जनों किसानों ने समय पर पानी खेत तक ना पहुंचा सिंचाई विभाग के एसडीओ सहित बांध के अन्य कर्मचारीयो का कभी निरीक्षण नहीं होने के कारण कई किसानों की फसल सूखने लगी है मामला हनुमना क्षेत्र के गोरमा बांध का है जहां दर्जनों किसानों ने समय पर पानी न मिलने कर्मचारियों का भ्रमण ना होने की वजह से किसानी पूरी तरह प्रभावित है इसी प्रकार करह पहाड़ी भइदा खैरा गढ़रा करकचहा रमनगरी जैसे दर्जनों गांवों में पानी नहीं पहुंच रहा समय पर पानी मिलने के लिए कलेक्टर मऊगंज से लिखित शिकायत की गई है दर्जनों किसानों ने आरोप लगाया है कि गोरमा बांध से जुड़े कर्मचारी कभी खेतों में पानी देखने या नहर का निरीक्षण करने नहीं आते जिससे कभी भी खेत तक पानी नहीं पहुंचता जिससे कई किसान किसानी से वंचित हो जाते हैं एक तो आवारा पशुओं से खेती बचाना मुश्किल है तो वहीं दूसरी तरफ समय पर पानी न मिलने से फसल भी सूखने लगी है किसान शिवमणि तिवारी रमानिवास तिवारी बाबा कोल हिंछलाल पन्नालाल प्रवीण मिश्रा संतोष मिश्रा महेंद्र मिश्रा दिनकर पांडे अनिल पांडे बृजवासी रघुवंश मिश्र सहित दर्जनों किसानों ने आवेदन देकर समय से पानी पहुंचने का निवेदन किया है।

## विधायक की समीक्षा बैठक के बाद जनपद वित्तीय प्रभारी पर कार्रवाई

### छः माह भी नहीं चला वित्त प्रभारी का कार्यकाल

**मऊगंज।** जिले में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें दिनों दिन बढ़ रही है वह चाहे राजस्व का मामला हो या पुलिस विभाग का शिकायतों के निराकरण न होना शिकायतों की पेंडिंग होने की बड़ी वजह है ज्यादातर कार्यालयों में पदस्थापना के बाद एक सूत्रीय भ्रष्टाचार करने की मुहिम चालू हो जाती है डिप्टी कलेक्टर रश्मि चतुर्वेदी को जनपद का वित्तीय प्रभार दिया गया था यह प्रभार महज पांच मांह भी नहीं चला कर्मचारियों ने भी वित्तीय प्रभारी पर कई प्रश्न चिन्ह लगा चुके हैं शुक्रवार को यह शिकायत देवतालाब विधायक गिरीश गौतम तक पहुंची तत्काल पंचायतों में हो रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई ऐसे कई मामले आए जहां कई वर्षों के पुराने बिल का भुगतान फरवरी 2025 में किया गया कोर्ट में लंबित प्रकरणों के बावजूद भुगतान किया गया मामले को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने डिप्टी कलेक्टर जनपद वित्तीय प्रभारी रश्मि चतुर्वेदी को हटाकर डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया को वित्तीय प्रभार दिया गया।

### भ्रष्टाचारियों की लंबी लिस्ट

जनपद कार्यालय मऊगंज में अभी और ऐसे कई भ्रष्ट कर्मचारी हैं जो कई वर्षों से जमे हैं कभी राजनीति की तो कभी अपने रुतबे और पहनावे की धौंस देकर वित्तीय व्यवस्था में लगे रहते हैं वित्तीय व्यवस्था न होने पर



सचिव और सरपंचों को आए दिन धमकी देते हैं लगातार उनकी शिकायतें हो रही है पर उन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है उनके रहते ग्राम पंचायतों में विकास की जगह विनाश शुरू है।
भ्रष्ट कर्मचारियों की वजह से पंचायत का विकास कार्य रुका है जनप्रतिनिधियों सचिव और रोजगार सहायकों से जबरन वसूली की जाती है शिकायत पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**नरेंद्र तिवारी (कवि)**
**जनपद सदस्य मऊगंज**

मनरेगा का कार्य पूरी तरह प्रभावित है जनपद कर्मचारी की मनमानी से जनप्रतिनिधि और सरपंच परेशान है।

**अभय राज साकेत**
**जनपद सदस्य मऊगंज**

मनरेगा प्रभारी की वजह से फर्जी मास्टर लगाकर पंचायतों से पैसे वसूल किया जा रहा हैं पात्र हितग्राहियों को यह लाभ नहीं मिल रहा।

**विकास सिंह**
**उप सरपंच ग्रा. पं. रतनगवां गहरवारन**